हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

11 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम...

12 नारनौल मंडी में दूसरे दिन खरीदी 298 क्विंटल सरसों

नसीबपुर शहीदी स्मारक: सीएम की घोषणा पर ब्रेक लगता देख दक्षिणी हरियाणा के नेता लामबंद

- विधानसभा में नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने उठाया मुद्दा, मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर सीएम से मिले दक्षिणी हरियाणा से जुड़े विधायक
- साल 2016 में सीएम मनोहरलाल खट्टर ने प्रदेश में दो जगह अंबाला व नारनौल के नसीबपुर में शहीदी स्मारक बनाने की थी घोषणा

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

नारनौल। शहीद स्मारक नसीबपुर व सीएम से मिलते दक्षिणी हरियाणा से जुड़े नेता। फोटो: हरिभूमि

भाजपा सरकार ने नौ साल पहले अंबाला व नसीबपुर में आजादी का मेमोरियल बनाने की घोषणा की थी। अंबाला में यह बनकर तैयार हो चुका है। नसीबपुर में अभी तक एक ईंट तक नहीं रखी गई है। यह मुद्दा विधानसभा में नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने उठाया तो मंत्री राव नरबीर सिंह के जवाब से संतुष्टि नहीं मिली। इसके बाद दक्षिणी हरियाण से जुड़े पार्टी के ही नेता लामबंद हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो रामबिलास शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, विधायक ओमप्रकाश यादव नारनौल, विधायक कंवरसिंह यादव महेंद्रगढ़, विधायक बिमला चौधरी पटौदी, विधायक डा. कृष्ण कुमार बावल व विधायक अनिल यादव कोसली शामिल है।

विधायक सभा में यूं उठा मुद्दा

विधायक ओमप्रकाश यादव ने विधानसभा में सवाल किया कि सन 1857 के शहीदों की याद में शहीदी स्मारक बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने साल 2016 में घोषणा की थी। बीच बीच में यह प्रोजेक्ट अनेक विभागों को ट्रांसफर किया गया। कभी टयूरिज्म विभाग तो कभी पीडब्ल्यूडी विभाग को, कभी पुलिस हाउसिंग सोसायटी को और आज मंत्री जी ने इतना उदासीन जवाब दे दिया। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि 1857 के शहीदों की याद में यह स्मारक बनाया जाना चाहिए। साल 2016 में प्रदेश में दो जगह की घोषणा हुई थी। इसमें एक अंबाला है, जहां स्मारक बनकर तैयार हो गया। नसीबपुर में जहां एक ही जगह 5000 लोग शहीद हुए थे, उनकी याद में जो स्मारक बनना था। मुख्यमंत्री की घोषणा थी। मुझे बड़ा अफसोस हो रहा है कि मुख्यमंत्री की इस घोषणा को पूरा नहीं किया गया।

मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि यह ठीक बात है। नसीबपुर में शहीदों की याद में एक स्मारक 1989 के आस पास बनाया गया और उसका रख रखाव नसीबपुर की पंचायत करती आई है। सरकार ने यह फैसला पहले लिया था कि हर जिला के हेडक्वार्टर पर शहीदी स्मारक हो। वह है भी। उनका रखरखाव सरकार करती है। हरियाणा में जहां जहां भी शहीदी स्मारक गांव में बनाएं गए, उनकी ग्राम पंचायत रख रखाव करती है और पंचायत डिपार्टमेंट ही उनको बनाता है। हमनें भिवानी के रौहनाथ गांव में भी एक शहीद स्मारक बनाया। वह भी ग्राम पंचायत बना रही है और नसीबपुर गांव अब ग्राम पंचायत नहीं रहा। नसीबपुर अब नगर परिषद नारनौल क्षेत्र में शामिल हो गया है। ऐसे में नगर परिषद नारनौल को कहकर नसीबपुर के शहीदी स्मारक के सौंदर्यकरण विधायक करवा सकते है लेकिन सरकार इसमें अब नहीं करेगी। क्योंकि यह जिला हेडक्वार्टर में नहीं है।

विधायक ने कहा कि अध्यक्ष महोदय इसके लिए सरकार ने बजट भी निर्धारित कर दिया था। सब कार्रवाई चल रही थी अचानक यह क्या फैसला हुआ मेरी समझ में नहीं आ रहा।

इस दौरान जवाब देते हुए मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, मेरी याद में ऐसा नहीं है। अगर सरकार का इस तरह का फैसला होगा तो निकलवा लेंगे और एमएलए साहब की तसल्ली कर देंगे। इसके बाद विधायक ने कहा कि यह शहीदों का अपमान है यह कहना कि स्मारक नहीं बनेगा।

मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा अध्यक्ष महोदय सरकार शहीदों के सम्मान पर बनी है और शहीदों का सम्मान जितनी हमारी सरकार ने किया, उतना किसी ने नहीं किया। फिर भी विधायक जी की तसल्ली हम बैठकर आपस में बात कर लेंगे। मैं प्रयत्न करूंगा। मंत्री ने कहा कि वह भी उसी इलाके से है। हमारे शहीदों का वहां याद है। कोशिश करेंगे वहां बनावाया जाए और आज भी वहां शहीद स्मारक है। यह बात ठीक है, उसका रख रखाव अच्छा होना चाहिए। थोड़ा बहुत अमेंडमेंट उसमें हो तो, वहां बना सकते है।

एक साथ की घोषणा, अंबाला में तैयार, 9 साल से नसीबपुर शहीद स्मारक कर रहा इंतजार

आपको बता दें कि सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में राजा राव तुलाराम व राजा कृष्ण गोपाल के नेतृत्व में क्षेत्र के हजारों रणबांकुरों ने नारनौल के गांव नसीबपुर में अंग्रेजों की शक्तिशाली सेना का डट कर मुकाबला किया था। इस युद्ध में करीब पांच हजार रणबांकुरों ने अपने प्राणों की आहूति दी और अंग्रेजों की सेना के छक्के छुड़ाए थे। यहां हमारे उन वीर रणबांकुरों की वीरगाथा को याद करने के लिए एक स्मारक का निर्माण करवाया गया। साल 2016 में मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने इस ऐतिहासिक मैदान में 12 एकड़ जमीन पर वॉर मेमोरियल पार्क एवं ओपन एयर थियेटर का निर्माण करवाने की घोषणा की थी। बताया गया था कि यहां पर वार मेमोरियल क्षेत्र, लाइब्रेरी, प्रदर्शनी, फूड कोर्ट व ब्रिटिश ग्रेव्यार्ड को संरक्षित करने समेत कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का निर्माण करवाया जाएगा। अलग से पार्किंग की व्यवस्था होगी। अच्छे पार्क को भी तैयार किया जाएगा। वॉर मेमोरियल पार्क के निकट एक संग्रहालय बनाया जाएगा। जिसमें वर्ष 1947 से लेकर अब तक देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीद हुए जिले में सैनिकों का जीवन परिचय भी अंकित किया जाएगा। इसे चंडीगढ़ में बने वॉर मेमोरियल जैसा डिजाइन दिया जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ओपन एयर थियेटर तथा पुस्तकालय का निर्माण भी करवाया जाएगा।

सीएम ने घोषणा के बाद इस वॉर मेमोरियल पार्क एवं ओपन थियेटर का निर्माण करवाने की जिम्मेदारी पंचायत राज विभाग को सौंपी गई। करीब तीन साल बाद निर्माण की यह फाइल पंचायत विभाग से लेकर टूरिज्म को भेज दी गई। करीब दो साल बाद सरकार ने इस फाइल को टूरिज्म विभाग से लेकर हरियाणा हाउसिंग कारपोरेशन को सौंप दी। अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि वॉर मेमोरियल का निर्माण कौन सा विभाग करेगा।

अपनी ही सरकार पर सवाल उठा चुके राव इंद्रजीत सिंह

बात 25 जून 2023 की है। उस दिन गुरुग्राम के जाटौली में गौरवशाली भारत रैली में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भाजपा हरियाणा प्रभारी विप्लब कुमार देब से कहाहरियाणा सरकार ने भी पहल की। दो जगह ऐलान किया। आजादी का मेमोरियल एक अंबाला और दूसरा नसीबपुर के अंदर बनेगा। जब लोग चर्चा करें आपसे कभी दक्षिणी हरियाणा के साथ भेदभाव हुआ है। आपसे ये भी पूछ सकते है कि अंबाला में तो संग्रालय बनकर तैयार हो गया हालांकि ऐलान एक ही टाइम पर हुआ था और नारनौल के नसीबपुर में अभी तक एक ईंट भी नहीं रखी गई। क्या लोगों को शिकायत करने का अख्तियार है कि नहीं। इस पर ध्यान देना होगा। इस भाषण के बाद भी प्रदेश सरकार ने अभी तक इस कार्य में कोई रूचि नहीं ली।

खबर संक्षेप

31 को राजपत्रित अवकाश की जगह अब वैकल्पिक अवकाश

नारनौल। हरियाणा सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन अनुसार 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश की जगह वैकल्पिक अवकाश रहेगा। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2024-25 का समापन दिवस पर हरियाणा सरकार ने 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश की जगह वैकल्पिक अवकाश घोषित किया है। अब 31 मार्च को अन्य दिनों की तरह सभी सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे।

पिकअप की चपेट में आने से मजदूर की मौत

नारनौल। पिकअप की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर अपना काम करने के बाद पैदल अपने भाई के साथ घर जा रहा था कि पिकअप गाड़ी की चपेट में आ गया। गांव हुडीना निवासी सोनू ने बताया कि वह तथा उसका भाई सुनील उर्फ रंगीला मजदूरी का काम करते हैं।

कांटी में बाड़े से 20 बड़े बकरे चोरी, केस दर्ज

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव कांटी से 20 बड़े बकरे बाड़े से चुरा लिए हैं। शिकायतकर्ता ने बकरों के सौदागर पर चोरी करने का मामला दर्ज करवाया है। कांटी निवासी सुबेसिंह ने बताया कि उसके पास 26 बकरे थे। उसने मोहन सिंह के घर के पास बाड़ा बनाया हुआ है। बकरों की कीमत 45 से 50 हजार रुपये थी। उसको शक है कि मुखा कांजर निवासी गादवास बकरों का सौदागर उनको ले गया है।

जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन की बैठक 30 को

नारनौल। जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन की बैठक 30 मार्च को संगठन के जिला प्रधान प्यारेलाल योगी की अध्यक्षता में होगी। रविवार को गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में प्रातः 11 बजे होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2024-25 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा नए सदस्य जोड़ने, गुरु गोरक्षनाथ मूर्ति पर शीशे का कवर लगवाने आदि पर विचार विमर्श किया जाएगा।

चीनी मांझे भंडारण व उपयोग पर प्रतिबंध

नारनौल। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 18 (1) (बी) तथा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत पतंग उड़ाने के लिए उपयोग किए जाने वाले चीनी मांझे या धागे के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद व उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

जिला नगर आयुक्त के दिशा-निर्देश पर नगर परिषद की टीम लंबे अरसे बाद एक्शन मोड में आई नजर

नप ने दिनभर बहाया पसीना, अतिक्रमण कर जमीनों से लिए कब्जे

राजकुमार ⏭ नारनौल



नारनौल। रेवाड़ी रोड पर अवैध टीनशेड को हटाती जेसीबी, अतिक्रमण हटाते वक्त रेवाड़ी रोड पर खड़े लोग, बिल्डिंग पर सीलिंग लगाते नप अधिकारी व कर्मचारी तथा बिल्डिंग पर चस्पाया गया नोटिस।

जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर नगर परिषद की टीम लंबे अरसे बाद एक्शन मोड में नजर आई और दिनभर पसीना बहाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। गुरुवार को नप के अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा बल के रूप में पुलिस टीम मिलने से उत्साहित थे और उन्होंने शहर में एक के बाद एक–एक करके कई सारे महत्वपूर्ण कार्य निपटा दिए। स्थाई तौर पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट बनाए गए कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल के नेतृत्व में नगर परिषद का पूरे स्टॉफ ने अमले के रूप में कई जगहों पर से अतिक्रमण हटाए और कब्जे लिए गए।

नगर की टीम प्रातःकाल को सबसे पहले गांव नीरपुर पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति ने टीनशेड डालकर पशुओं के लिए कब्जा किया हुआ था, उस कब्जे को पीला पंजा चलाकर हटा दिया गया। इस दौरान काफी ग्रामीण तमाशा देखते रहे, लेकिन भारी पुलिस बल के चलते वह चुप ही रहे। नप टीम ने रेवाड़ी रोड पर गंदे नाले से खाना खजाना तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

इस रोड पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे टीनशेड डाले हुए थे तथा होटलवालों ने फुटपाथ पर बड़े-बड़े होर्डिंग वगैरा लगा रखे थे, जिन्हें जेसीबी की मदद से उखाड़ दिया। यहां पर भी मोहल्ला की आबादी होने के कारण काफी लोग तमाशा देखने के लिए रेवाड़ी रोड पर खड़े रहे। नप की टीम ने कोरियावास रोड पर सबसे बड़ी कार्रवाई की।

यह थे शामिल

सवेरे से ही कमर कस कर युद्ध स्तर पर कार्य निकली नप टीम में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में जहां ईओ दीपक गोयल शामिल रहे, वहीं उनके साथ कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण, एमई सोहनलाल, जेई विशाल राणा, जेई पवन कुमार समेत अनेक कर्मचारी एवं अधिकारी तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

यह बोले डीएमसी

जिला नगर आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि आज नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कई जगहों से दुकानों के सामने अवैध तरीके से लगे होर्डिंग तथा यूनिपोल को भी हटाया है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों भी नगर परिषद ने इससे पहले भी कई जगहों से नगर परिषद की जमीन से अवैध कब्जे हटाए हैं। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर परिषद की जमीन से सभी अतिक्रमण व कब्जा हटाकर जनहित में भूमि का उपयोग किया जाएगा।

अवैध रूप से बनाई गई दुकानों पर भी की गई सीलिंग

नगर परिषद ने गुरुवार को दिन कमर कस कर कार्य किया। इस दिन शहर के बीच नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए पक्के निर्माणों पर सीलिंग की गई। शहर के महावीर मार्ग पर हनुमान मंदिर के सामने एक पक्की दुकान को सील लगाई गई। इसी प्रकार ढींढासर रविदास मंदिर मार्ग पर एक जिम के सामने खड़ी की जा रही नई बिल्डिंग को भी सील कर दिया गया। इनके मालिकों को आगामी कार्रवाई तक सीलिंग से छेड़छाड़ नहीं करने का नोटिस भी जारी किया जाएगा।

भेडंटी में सरसों की एकत्रित फसल में लगी आग, लाखों का नुकसान

नांगल चौधरी। भेडंटी में अज्ञात कारणों से सरसों की एकत्रित फसल को आग लग गई। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। फायर ब्रिगेड की मदद से आग को शांत किया गया, लेकिन तब तक लाखों रुपये की फसल जलकर राख हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके छानबीन करना आरंभ कर दी है। सरपंच के इंद्राज गांधी ने बताया कि सुंदरलाल शर्मा पुत्र कुंदनलाल ठेके पर जमीन लेकर खेतीबाड़ी करने का काम करता है। करीब दो एकड़ रकबे पर सरसों की कटाई करके बिजली सप्लाई लाइन से दूर एकत्रित की थी। सूखने के बाद थ्रेसिंग के लिए ट्रैक्टर की तलाश कर रहा था, इसी दौरान बीती रात करीब एक बजे फसल में आग लग गई। लपेटों को देखकर एकत्र ग्रामीणों ने घटना की सूचना किसान व पुलिस प्रशासन को दी। ग्रामीणों ने मिट्टी व मटकों से पानी छिड़क कर आग बुझाने के प्रयास किए थे, लेकिन लपेटें तेज होने के कारण सफलता नहीं मिली, दूसरी तरफ शिकायत मिलने पर करीब 1:45 बजे दमकल वाहन खेत में पहुंचा। तब तक पूरी फसल जलकर राख बन चुकी थी। आग को शांत करने के बाद फायर ब्रिगेड कर्मी रवाना हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि किसान ने कड़ी मेहनत व खर्चा करके फसल तैयार की थी।

नांगल चौधरी। आग में जलती किसान की फसल।

रातां में शहीद विकास की मूर्ति का अनावरण कल

नारनौल। अटेली की विधायक एवं कैबिनेट मंत्री बहन आरती सिंह राव शनिवार को गांव रातां में 12 बजे एयरफोर्स में शहीद हुए विकास शर्मा की मूर्ति का अनावरण करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा करेंगे। शहीद विकास शर्मा एयरफोर्स में ड्यूटी के दौरान 2023 में मध्यप्रदेश के आंवला में नदी में डूबते दोस्तों की बचाते हुए शहीद हो गए थे। शहीद के परिजन विष्णु शर्मा ने बताया कि शहीद विकास शर्मा देश की आजादी के बाद गांव राता के पहले शहीद हुए हैं। शहीद विकास शर्मा की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम से पूर्व सुबह हवन व देशभक्ति रागनी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

नारनौल। अवैध बजरी ढोते पकड़े गए वाहन। फोटो: हरिभूमि

तीन दिन में राजस्थान से अवैध बजरी रोड़ी ला रहे 6 वाहन पकड़े

नारनौल। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने कहा कि जिला प्रशासन अवैध खनन तथा खनिज का अवैध परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। पुलिस के सहयोग से जिला प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार खनन क्षेत्रों सहित विभिन्न जगहों पर कड़ी निगरानी कर रही है। जिला महेंद्रगढ़ में 24 से 27 फरवरी तक संयुक्त टीम ने 750 वाहनों की चेकिंग की है। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर खनन से जुड़े सभी कार्यों में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जा रही है। फिलहाल जिला में कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है। राजस्थान से बिना बिल के आ रहे वाहनों पर लगातार जुर्माना लगाया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि पिछले तीन दिनों में जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न स्थानों पर छह वाहन राजस्थान से अवैध तरीके से बजरी तथा रोड़ी ढोते पकड़े गए हैं। इन वाहनों से 15 लाख रुपये जुर्माना के तौर पर वसूलने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला खनन इंजीनियर डा. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग के महानिदेशक के एवं पांडुरंग हर रोज खनन के मामले में रिपोर्ट ले रहे हैं।

- खनन कार्यों पर जिला प्रशासन की कड़ी नजर
- 15 लाख रुपये जुर्माना वसूली की कार्रवाई जारी

डीटीपी की अवैध निर्माण पर कार्रवाई, 16 एकड़ में विकसित की जा रही थी अवैध कॉलोनियां

कनीना में 6 एकड़, रघुनाथपुरा बाइपास रोड व निवाजनगर क्षेत्र में 13 एकड़ की अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल। अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार की टीम इन दिनों सक्रिय है। बुधवार को कनीना में जहां दो जगह तीन तीन एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाया। वहीं अगले ही दिन वीरवार को शहरी क्षेत्र में रघुनाथपुरा बाईपास रोड पर लगभग तीन एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई तथा राजस्व सम्पदा निवाजनगर में लगभग 13 एकड भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में लगभग 65 डीपीसी व 15 चारदीवारी तथा पांच अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता धर्मपाल, नरेश कुमार, योगेन्द्र, विकास के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा नारनौल ने लोगों से अपील की है कि नियनत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करे तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा, चण्डीगढ़, से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करे अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए आमजन से बार-बार यहीं अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें।

इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय नारनौल से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़

जिला नगर योजनाकार नारनौल की टीम ने बुधवार को शहरी क्षेत्र कनीना में कनीना-रेवाड़ी रोड पर (बीआर होटल के पास) राजस्व सम्पदा कनीना में लगभग चार एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की तथा अटेली रोड के साथ रेलवे फाटक के पास में लगभग तीन एकड़ भूमि तथा राजस्व सम्पदा उन्हानी में कनीना-महेन्द्रगढ़ रोड पर लगभग तीन एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान 70 डीपीसी, सात चारदीवारी व तीन अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता धर्मपाल, डीईओ अनूप सिंह, नरेश कुमार, योगेन्द्र कुमार, विकास कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

अप्रैल फूल-डे पर प्रैंक्स का मजा

फर्स्ट अप्रैल यानी 'अप्रैल फूल-डे', ऐसा दिन जब हम दूसरों के साथ प्रैंक करके उसे मूर्ख ही नहीं बनाते, दूसरे भी हमें मूर्ख बनाते हैं। इस दिन मूर्ख बनाने या बनने का एक अलग ही मजा है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स अप्रैल फूल-डे पर फूल बनाने और बनने की अपनी मजेदार यादें **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं।

मेरे प्रैंक पर पापा चौंक गएः वृही कोडवारा

सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, फैमिली में भी अप्रैल फूल-डे मनाने का एक अलग मजा है। सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभा रही वृही कोडवारा हंसते हुए अप्रैल फूल-डे से जुड़ा अपनी फैमिली का ही एक मजेदार इंसिडेंट बताती है, 'लास्ट ईयर मैंने अपने पापा को अप्रैल फूल बनाने की प्लानिंग की। उनसे कहा- मेरे स्कूल में आज से ही गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। अब दो महीने तक कोई क्लास नहीं होगी। पापा इस बात पर चौंक गए। उन्होंने स्कूल ग्रुप पर मैसेज चेक किया, तो उन्हें समझ में आ गया कि मैंने उनके साथ प्रैंक किया है। उन्होंने भी मजाक में कहा- अच्छा! तो अब घर पर ही एक्स्ट्रा पढ़ाई होगी।'

वृही उस घटना के बारे में भी बताती है, जब वो खुद अप्रैल फूल बन गई थी। वृही के साथ प्रैंक उसकी मम्मी ने किया था। वह बताती है, 'एक बार अप्रैल फूल-डे पर मम्मी ने मुझसे कहा- जल्दी से पैकिंग कर लो, हम अभी छुट्टी मनाने के लिए गोवा जा रहे हैं। मैं इतनी एक्साइटेड हो गई कि बिना कुछ सोचे झटपट बैग में अपने कपड़े भरने लगी। जब सब तैयारी हो गई तो मम्मी हंसकर बोलीं- अप्रैल फूल! मैं पहले तो हैरान रह गई, फिर हम सब जोर से हंसने लगे।' *

नहीं मिली चॉकलेट-टॉफी, मैं बन गया फूलः कविश खुंगर

अप्रैल फूल-डे है तो किसी से डरना कैसा, पापा से भी नहीं। शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका निभा रहे कविश खुंगर ने भी मजे से अपने पापा के साथ फर्स्ट अप्रैल को प्रैंक किया था। कविश हंसते हुए बताता है, 'मैंने पहली अप्रैल को अपने पापा के मोबाइल में हर पांच मिनट पर अलार्म सेट कर दिया। उन्होंने कई बार बंद किया, लेकिन अलार्म फिर से बजने लगता। वो इससे परेशान हो रहे थे। जब मैंने बताया कि यह मेरा काम था, तो पापा हंसने लगे और बोले- अरे, तूने तो मुझे सच में अप्रैल फूल बना दिया।'

कविश उस इंसिडेंट को भी याद करता है, जब वह अप्रैल फूल बना था। वह बताता है, 'एक बार, मेरे एक दोस्त ने मुझसे कहा- कविश, तुम्हारे लिए चॉकलेट्स और टॉफियां आई हैं। मैंने सोचा- वाह! कितना अच्छा है! मैंने खुशी-खुशी जाकर उस जगह पर देखा, जहां उसने चॉकलेट और टॉफियां रखी होने की बात कही थी। लेकिन वहां कुछ भी नहीं था। पीछे से आकर वह दोस्त हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! चॉकलेट्स और टॉफियां तो नहीं मिलीं, लेकिन मुझे मजा बहुत आया, क्योंकि यह एक प्रैंक था।' *

...तब समझ आया मैं बन गया था अप्रैल फूलः सौम्य आजाद

फर्स्ट अप्रैल को किसी के साथ प्रैंक करके अप्रैल फूल-डे एंज्वॉय न किया जाए, यह कैसे हो सकता है। एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में रणवीर का रोल कर रहा सौम्य आजाद पिछले साल फर्स्ट अप्रैल के दिन सेट पर था, लेकिन यहां भी वह अपने फ्रेंड को मूर्ख बनाने से चूका नहीं। उसने इस शो में अपने को-आर्टिस्ट आर्यन प्रजापति को अप्रैल फूल बनाया था। सौम्य हंसते हुए बताता है, 'हम शूटिंग के बीच ब्रेक पर थे। मैंने आर्यन से बड़े सीरियस अंदाज में कहा- डायरेक्टर सर ने बुलाया है, वह कह रहे हैं कि तुम्हारा सीन बोगस शूट हुआ है। यह सुनकर बेचारा आर्यन दुखी हो गया। भागा-भागा डायरेक्टर सर के पास पहुंचा और बोला- सर, मैं फिर से कोशिश करता हूं, आप मुझे एक और टेक करने का चांस दे दीजिए। डायरेक्टर सर हंसते हुए बोले- अरे, तुम्हारा शॉट तो बहुत अच्छा हुआ, मैंने तो बुलाया ही नहीं! तब जाकर उसे समझ आया कि वह अप्रैल फूल बन चुका है। सेट पर जारा, मैं और बाकी सभी लोग जोर से हंस पड़े।'

सौम्य उस घटना का भी जिक्र करता है, जब वह खुद अप्रैल फूल बन गया था। वह बताता है, 'एक बार सेट पर ही आर्यन और जारा ने मिलकर मुझे अप्रैल फूल बनाया था। फर्स्ट अप्रैल के दिन जारा ने बड़े सीरियस टोन में मुझसे कहा- आज की शूटिंग कैंसल हो गई है, प्रोडक्शन से मैसेज आया है कि सभी घर जा सकते हैं। मैं तो खुशी से झूम उठा! फटाफट वैनिटी में जाकर ड्रेस बदली और बैग उठाकर घर जाने लगा। जैसे ही मैं गेट के पास पहुंचा, पीछे से जारा, आर्यन और पूरी टीम ने जोर से चिल्लाकर कहा- अप्रैल फूल! मैं वहीं खड़ा रह गया। सबकी हंसी सुनकर समझ आया कि इस बार मैं खुद ही अप्रैल फूल बन गया हूं!' *

जब मैंने खा ली नीम वाली चॉकलेटः हेत मकवाना

सन नियो के शो 'रिश्तों से बंधी डोर' में कान्हा का किरदार निभा रहा हेत मकवाना अपने दोस्त को अप्रैल फूल बनाने का मजेदार इंसिडेंट बताता है, 'मैंने फर्स्ट अप्रैल की सुबह अपने खास दोस्त से कहा- अरे, आज स्कूल में अप्रैल फूल-डे पर स्पेशल छुट्टी दी गई है! वह बिना कुछ सोचे खुशी-खुशी घर में बैठ गया। थोड़ी देर बाद, जब उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी नहीं है, तो वह भागता हुआ स्कूल आया। जैसे ही मैंने उसे देखा, मैं जोर से हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! वह पहले तो बहुत गुस्साया लेकिन बाद में मैंने उसे मना लिया। थोड़ी देर बाद, हम दोनों मिलकर इस मजाक पर खूब हंसे।'

हेत आगे अपने अप्रैल फूल बनने का भी एक मजेदार किस्सा सुनाता है, 'एक बार फर्स्ट अप्रैल के दिन, सुबह-सुबह मम्मी ने मुझे एक चॉकलेट दी और कहा- ये बहुत खास चॉकलेट है, मैंने तेरे लिए खासतौर से बनाई है। खाकर बताओ कैसी लगी? मैंने जैसे ही खाया, मुंह में कड़वाहट फैल गई, मम्मी से बोला-अरे! यह तो नीम की चॉकलेट थी! मम्मी जोर-जोर से हंसते हुए बोलीं- अप्रैल फूल बनाया! मम्मी के यह बताने पर मैं भी हंस पड़ा।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

हास्य कविता

अलका जैन 'आराधना'

जंगल में अप्रैल फूल

चालू लोमड़ी, होशियार हाथी,
और जंगल के राजा शमशेर।
सब चौंक गए थे इक दिन,
देख जंगल में पत्तों का ढेर।
शमशेर सिंह ने जंगल में,
बैठक बुलाई इक आपात।
संदेह जताया उन्होंने यही,
शिकारी लगा के बैठे घात।
इसीलिए बनाए हैं ये गड्ढे,
ताकि हम इनमें जाएं गिर,
गिरकर ऐसे फंसें जाल में,
निकल न पाएं उससे फिर।
जल्दी से जल्दी हमें अब,
निकालना होगा कोई उपाय,
घोषणा करवा दो जल्दी,
जाल में कोई फंस न जाए।
सुनकर बातें राजा जी की,
भोलू भालू लगा मुस्काने
कहने लगा अप्रैल फूल है,
कोई भी इसका बुरा न माने।
सुनकर भालू की ये बात
शमशेर भी थोड़ा मुस्काया।
बोले-भालू भैया तुमने,
अप्रैल फूल हमें खूब बनाया।

कविता

डॉ. आर. पी. सारस्वत



ईद सुहानी आई है!

ईद सुहानी आई है!
घर-घर खुशियां लाई है।
सलमा, रजिया, सुल्ताना,
चहक रहीं चिड़ियों जैसी।
नाचें-झूमें, इधर-उधर,
आज लगें गुड़ियों जैसी।
सबने प्यारी-प्यारी-सी,
नई ड्रेस सिलवाई है!
अन्नू, अनवर इनके भाई,
फूले नहीं समाते हैं।
'ईद मुबारक' कहते-कहते,
सब पर प्यार लुटाते हैं।
रमजानी काका ने तो,
बांटी आज मिठाई है!
आज पड़ोसी राज, रतन
घर पर मिलने आए हैं।
अब्बू-चाचू ने दोनों,
अपने गले लगाए हैं।
मीठी-सिंवइयों की मिल,
दावत खूब उड़ाई है!!

कहानी

जाकिर अली 'रजनीश'

सादिक को मन ही मन ईदगाह के बाहर फटे-पुराने कपड़े में भीख मांग रहे लड़के की मदद नहीं कर पाने का बहुत अफसोस हो रहा था। ईद की खुशी वह महसूस नहीं कर पा रहा था। लेकिन अब्बू ने कुछ ऐसा किया कि सादिक की ईद की खुशी दुगनी हो गई।

ईद की दुगनी खुशी

ईद की नमाज खत्म होते ही सभी लोग एक-दूसरे से गले मिले, एक-दूसरे को मुबारकबाद देने लगे। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों की ओर चल पड़े। अपने दोस्तों से बातें करता हुआ सादिक भी ईदगाह से बाहर आ गया। तभी उसकी नजर सामने खड़े एक लड़के पर जा पड़ी। फटे-पुराने कपड़ों में लिपटा वह लड़का कह रहा था, 'बाबू जी, कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

लड़के की दशा देखकर सादिक एक पल के लिए रुका। उसने सोचा ईद पर घर के बड़ों से उसे जो पैसे मिले हैं, उनमें से कुछ पैसे वह उस लड़के को दे दे। पैसे निकालने के लिए जैसे ही सादिक ने जेब में हाथ डाला, उसकी जेब खाली थी। दरअसल, वह अपने पैसे घर पर ही भूल आया था। घर लौटते हुए रास्ते भर सादिक उस लड़के के बारे में सोचता रहा। कब घर आ गया, उसे पता ही नहीं चला। घर में सभी लोगों से सलाम-दुआ करने के बाद वह अपने कमरे में जा बैठा। उसके चेहरे की खुशी अब काफूर हो चुकी थी। उसके मन में उस भिखारी लड़के की आवाज अब भी गूंज रही थी, 'बाबू जी ... हम भी खुशी मना लें।'

'कितना गरीब था वह लड़का। उसकी आवाज में भी कितना दर्द था। बेचारे के पास इतने पैसे भी नहीं कि ईद के दिन भी ठीक-ठाक कपड़े पहन सके।' सादिक के मन में बार-बार उस लड़के का ख्याल आ रहा था, '...क्या हम उसके लिए कुछ नहीं कर सकते? हमारा भी तो उनके प्रति कोई फर्ज है...।'

'क्या हुआ सादिक बेटे? तुम यहां अकेले क्यों बैठे हो?' अम्मी ने सादिक के कमरे में प्रवेश करते हुए पूछा। सादिक ने नजर उठाकर अम्मी को देखा फिर सिर झुका लिया, बोला कुछ नहीं।

अम्मी ने सादिक के उतरे चेहरे को देखते हुए कहा, 'चलो, सिंवइयां खा लो, मैंने निकाल कर रखी हैं।'

'नहीं अम्मी, अभी मेरा मन नहीं है।' सादिक धीरे से बोला।

'क्यों, क्या हुआ तुम्हें? कहीं बुखार-वुखार तो नहीं है?' सादिक की बात सुनकर अम्मी के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आईं। 'नहीं अम्मी, ऐसी कोई बात नहीं है।' सादिक ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन मुस्कुरा नहीं सका।

'अच्छा, जाओ कुर्ता-पाजामा उतार कर पैंट-शर्ट पहन लो और दोस्तों के साथ घूम-फिर आओ। तुम्हारा मन बहल जाएगा।' कहती हुई अम्मी कमरे से बाहर चली गईं।

सादिक बेमन से उठा और कपड़े बदलने लगा। उसकी आंखों के आगे अब भी उसी लड़के की तस्वीर तैर रही थी। तभी अचानक उसे कहीं दूर से उसी लड़के की आवाज सुनाई पड़ी। वह लड़का पड़ोस वाले घर के सामने खड़ा अपनी बात दुहरा रहा था, 'बाबू जी! कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

सादिक ने अलमारी से दस रुपए का नोट उठाया और सीधा बाहर की ओर भागा। उस लड़के के पास जाकर सादिक ने दस का नोट उसके हाथों में थमा दिया। दस रुपए का नोट पाकर उस लड़के का चेहरा खिल गया। सादिक भी उस लड़के की मदद करके मन ही मन बहुत खुश था। जाते-जाते उसने सादिक को सलाम किया। सादिक तब तक उसे देखता रहा, जब तक वह उसकी नजरों से ओझल नहीं हो गया। वह मुड़ने को था कि तभी किसी ने उसके कंधे पर हाथ रखा। उसने मुड़ कर देखा, सामने अब्बू खड़े थे। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था। उस थैले को देखकर सादिक को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने पूछा, 'इसमें क्या है अब्बू?'

'इसमें कपड़े और कुछ खाने-पीने की चीजें हैं।' अब्बू ने मुस्कुराकर जवाब दिया।

'लेकिन ये सब तो आप हमारे लिए पहले ही ले आए हैं। फिर से क्यों?' सादिक ने अब्बू की तरफ देखते हुए पूछा।

'आओ मेरे साथ, तुम्हें खुद पता चल जाएगा।' कहकर अब्बू एक ओर चल पड़े।

सादिक की कुछ समझ में नहीं आ रहा था। वह चुपचाप अब्बू के साथ हो लिया। चार-पांच गलियों को पार करते हुए वे लोग एक ऐसी जगह पहुंचे, जहां पर तमाम झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। उनकी ओर इशारा करते हुए अब्बू बोले, 'सादिक बेटे, इनमें वे लोग रहते हैं, जिन्हें त्योहारों पर भी ढंग का खाना नसीब नहीं होता। हमारा फर्ज बनता है कि हम इनकी मदद करें। यह सामान इन्हीं लोगों के लिए है। लो, इसे अपने हाथों से बांट दो।'

सादिक ने गर्व से अब्बू की ओर देखा। उसके चेहरे की चमक दुगनी हो गई थी। वह ईद के चांद की तरह चमक उठा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

दो मजेदार कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही दो मजेदार कहानियों की चित्र पुस्तक 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' छपकर आई है। इसमें पहली कहानी 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' एक नन्हे उल्लू के सपने की कहानी है। वह नींद में सपना देखता है कि चश्मा पहनकर वह दिन की रोशनी देखने निकल पड़ता है। यह चश्मा उसे मंगू बंदर देता है। चश्मा पहनकर उसे कैसे मजेदार अनुभव होते हैं, यही इस कहानी में तुम पढ़ सकते हो।

किताब की दूसरी कहानी का शीर्षक 'गोलू बादल' है। यह एक नन्हे बादल की कहानी है, जो अपने बादलों के समूह से अलग हो जाता है। फिर वह हवा के झोंके के सहारे जंगल, नदी, पहाड़ों और एक स्कूल के ऊपर से गुजरते हुए खूब मजे करता है। जहां मन करता है अपनी बूंदें बरसा देता है। खास बात यह है कि ये कहानियां यहां तुम हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पढ़ सकते हो। *

किताबः उकड़ू उल्लू का चश्मा, **लेखिकाः** मीनू त्रिपाठी,
मूल्यः 220 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

हंसगुल्ले

नैंसी : ऐसा कौन-सा फूल है, जो होता तो है ! लेकिन दिखता नहीं है?
नव्या (काफी देर सोचने के बाद) : मुझे नहीं पता, तुम्हीं बता दो।
नैंसी (हंसते हुए) : अप्रैल फूल।
-खुशबू, रायपुर

तन्नू : ये लो, चॉकलेट खाओ।
चुन्नू : चॉकलेट! किस खुशी में?
तन्नू : आज तुम्हारा दिन है, इसलिए।
चुन्नू : लेकिन आज तो मेरा बर्थ-डे नहीं है। क्या है आज?
तन्नू : आज अप्रैल फूल-डे है।
-मुस्कान, राजनांदगांव

सोनू : क्या तुम जानते हो, सूरज रात को क्यों नहीं दिखाई देता है?
मोनू : तुम्हें इतना भी नहीं पता! एक्चुअली, दिन भर आसमान में घूम-घूमकर सूरज थक जाता है, इसलिए वह रात में सो जाता है।
-कुमकुम, बिलासपुर

जीके क्विज-147



1. हाल में ही धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स कितने दिनों तक अंतरिक्ष में रहीं?
2. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम को बीसीसीआई ने कितनी राशि देने की घोषणा की है?
3. छत्रपति शिवाजी के पहले मंदिर का उद्घाटन कहां किया गया?
4. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?
5. ऐतिहासिक इमारत चार मीनार किस शहर में स्थित है?
6. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
7. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?
8. 'पॉवर हाउस ऑफ सेल' किसे कहा जाता है?
9. यक्षगान कहां का लोकनृत्य है?
10. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?

बच्चों, जीके क्विज-147 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-146 का उत्तर : 1.शुभमन गिल, 2.स्टीव स्मिथ, 3.केरल, 4.फुटबॉल, 5.गैनिमीड, 6.समुद्रगुप्त, 7.मध्य प्रदेश, 8.खान अब्दुल गफ्फार खान, 9.ह्वांगहो नदी, 10.रांची

जीके क्विज-146 का सही उत्तर देने वाले : गुंजा-रायपुर, अथर्व-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, होमन-ईमेल से, राकेश-बलौदा बाजार, शुभम-बलौदा बाजार, टामेंद्र-धमतरी, आराध्या-गरियाबंद, एकता-ईमेल से

अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक शरारती चूहा रैट-ट्रैप से चीज निकालने की कोशिश कर रहा है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तरः 1.चूहे के फेस पर दोनों तरफ पसीने की बूंद है। 2.चूहे के दाएं हाथ की अंगुली नहीं दिख रही है। 3.चूहे की पूंछ दिख रही है। 4.चीज पर कम बबल्स दिख रहे हैं। 5.रैट-ट्रैप की कड़ी का सामने वाला हिस्सा लाल है।

मैथ्स पजल

बच्चो, नीचे दिए गए पजल को ध्यान से देखो और कैलकुलेट करके बताओ कि प्रश्न वाचक चिन्ह के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

उत्तर : 30

खबर संक्षेप

बुजुर्ग व दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

मंडी अटेली। क्षेत्र के गांव दौंगड़ा अहीर में बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन के नेतृत्व में रेडक्रॉस नारनौल द्वारा दिव्यांग और बुजुर्गों को व्हीलचेयर, कानों की मशीन, कमर दर्द बैल्ट, घुटनों के दर्द की बैल्ट, गर्दन दर्द बैल्ट, सहारे की छड़ी इत्यादि निःशुल्क बांटी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि हॉकी वाली सरपंच नीरू यादव एवं विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार चेयरमैन निजामपुर, जबकि अध्यक्षता सलीमपुर की सरपंच आरती यादव द्वारा की गई। मुख्य अतिथि ने बताया कि दिव्यांग जनों का जीवन सरल बनाने के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है।

ट्राले ने दीवार को किया क्षतिग्रस्त, मामला दर्ज

मंडी अटेली। अटेली मंडी में ट्राले चालक ने पीछे करते समय हार्डवेयर की दीवार को टक्कर मार दी, जिसके चलते दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। हार्डवेयर की दुकान के मालिक ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में अटेली मण्डी के वार्ड नम्बर 10 निवासी विनय गुप्ता ने बताया कि उसकी दुकान कृष्णा कुंज के समीप हार्डवेयर एण्ड मशीनरी स्टोर किया हुआ है। गत सुबह साढ़े आठ बजे एक ट्राला ड्राईवर ट्राला को तेज स्पीड में पीछे कर रहा था। उसने ट्राले से उसकी दिवार बुरी तरह से क्षतिगस्त कर दिया। तथा वह बाल बाल बच गया। तभी ड्राईवर को रोकने का प्रयास किया तो ट्राले को भगा ले गया। उसके बाद उसका पीछा करने के पर उसको पकड़ा गया। उसे ट्राले ड्राइवर के पास लाइसेंस भी नहीं था। अटेली पुलिस ने ट्राले पर चालक मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मजदूरों की कॉपी बहाल करने पर राहत

कनीना। प्रदेश सरकार की ओर से मजदूरों की कॉपी बहाल होने के बाद यूनियन के पदाधिकारियों ने राहत महसूस की है। इस बारे में भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव शिव कुमार सेहलग ने कहा कि 22 जनवरी को हरियाणा की सरकार व कल्याण बोर्ड की ओर से 50 हजार मजदूरों का पंजीकरण रदद कर दिया गया था। जिसको लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन ने प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर विरोध प्रदर्शन कर पंजीकरण बहाल करने की मांग की थी। सरकार ने मजदूरों का पंजीकरण बहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि श्रम कल्याण बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में करीब 20 लाख भवन निर्माण मजदूर हैं। जिनमें से 10 लाख मजदूर ही पंजीकृत हैं। पंजीकरण करवाने के लिए मजदूरों को सीएससी केंद्रों के धक्के खाने पड़ रहे हैं। सीएससी केंद्र संचालक मजदूरों को लूट रहे हैं। पंजीकृत भवन निर्माण मजदूरों के 90 दिन की वैरिफिकेशन का अधिकार सीएससी की बजाय मजदूर यूनियनों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कामगार यूनियन सरकार की ओर से लाए गए चार लेबर कोड रद किए जाए।

नारनौल में गठित आंतरिक शिकायत समिति की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम विषय पर कार्यशाला आयोजित

अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम विषय पर जानकारी देती जज। फोटो : हरिभूमि

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र सूरा के मार्गदर्शन में वीरवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता की देखरेख में एडीआर सेंटर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम) निषेध और निवारण अधिनियम 2013 विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वर्षा जैन, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ललिता पटवर्धन ने संयुक्त रूप से अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निषेध और निवारण अधिनियम 2013 भारत सरकार की ओर से कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न का सामना किए जाने वाले मुद्दे को हल करने के लिए बनाया गया एक कानून है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है।

अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है जिसमें शारीरिक संपर्क और यौन प्रस्ताव, यौन अनुग्रह के लिए मांग या अनुरोध, अश्लील टिप्पणी करना, अश्लील चित्र दिखाना तथा किसी भी अन्य अवांछित शारीरिक, मौखिक या गैर मौखिक व्यवहार जैसे अवांछित कार्य शामिल हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य 1997 मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय में श्विशाखा दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न को आधार बनाया। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न को रोकने और प्रतिबंधित करने के लिए नियोक्ताओं पर कानूनी दायित्व डालता है व यौन उत्पीड़न की शिकायतें प्राप्त करने और उनका समाधान करने के लिए नियोक्ताओं को 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक कार्यस्थल पर एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक है।

सभी कर्मचारियों को जिला न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल में गठित आंतरिक शिकायत समिति की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता गिरिबाला यादव ने भी अधिनियम के बारे में जानकारी दी।

राजकीय महाविद्यालय में शिविर आयोजित

महेंद्रगढ़। स्वयंसेवकों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा तीसरे एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने स्वयंसेवकों को साइक्लोथॉन रैली की महत्ता से अवगत कराया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अप्रैल माह में आयोजित होने वाली साइकिल रैली में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए स्वयं-सेवकों से अधिक से अधिक लोगों को साइकिल अपनाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। शिविर के दौरान संयोजकों ने उन स्वयंसेवकों के यूनिवर्सिटी मेरिट सर्टिफिकेट के लिए आवेदन फॉर्म भरवाए, जिन्होंने सात दिवसीय शिविर और पांच एक दिवसीय शिविर पूरे कर लिए हैं तथा पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। प्रोफेसर सोमवीर सिवाच द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया गया। महाविद्यालय के शांति हॉल में स्वयंसेवकों के लिए एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें संयोजक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. पविता आदि मौजूद थे।

विद्या देवी इंटर नेशनल स्कूल के छात्र का नवोदय में चयन

नारनौल। जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा नौवीं के दाखिले के लिए हुई परीक्षा में विद्या देवी इन्टर नेशनल स्कूल अटेली मण्डी के विद्यार्थी विजीत कटारिया ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने स्कूल व माता पिता का नाम रोशन किया। विजीत कटारिया की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होना एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इसकी प्रवेश परीक्षा में छात्रों को उनकी बौद्धिक क्षमता व प्रतिभा के आधार पर चयनित किया जाता है। विद्या देवी इंटर नेशनल स्कूल के

प्राचार्य राजकुमार यादव ने कहा कि शिक्षकों व विजीत के परिवार का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिन्होंने विजीत को सही दिशा में प्रेरित व प्रोत्साहित किया। यह सफलता न केवल विजीत के लिए बल्कि उनके सहपाठियों व अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा का काम करेगी।

आकाश एकेडमी में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आकाश एकेडमी में खेल में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डिप्टीराम शर्मा व अध्यक्षता देवेंद्र बैरावास ने की। एकेडमी पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। हाल ही में विजय इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सैंबो चैंपियनशिप में आकाश एकेडमी के विद्यार्थियों ने सबसे ज्यादा मेडल प्राप्त किए और 28 मेडल के साथ आकाश एकेडमी प्रथम स्थान पर रहे। इसके बाद आकाश एकेडमी के बच्चों ने पिछले दिन भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 13 मेडल लेकर क्षेत्र

महेंद्रगढ़। मेडल व प्रमाण पत्र दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

का नाम रोशन किया। एकेडमी के चार बच्चों ने गोल्ड, चार ने सिल्वर, पांच बच्चों ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में प्रयास खैरोली, मोक्ष नारनौल, भूमिक दौलताबाद गुड़गांव, भावेश महेंद्रगढ़, सिल्वर प्राप्त करने वालों में याशु नौतना, धुव्र दौलताबाद, कुनाल हिसार, देव मेवात, ब्रांज मेडल प्राप्त करने वाले धीरज कुराहवटा, दीक्षांत धनाश्री दादरी, अंशु जड़वा, चिराग जासावास, कुणाल जड़वा आदि बच्चों ने जिले का नाम रोशन किया।

महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों एवं का फूलमाला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत करते।

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा की छात्रा आरती व नव्या का जवाहर नवोदय में चयन होने पर निकाला रोड-शो

महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा की छात्रा आरती व नव्या का जवाहर नवोदय में चयन पाकर स्कूल एवं जिले का नाम रोशन किया है। जवाहर नवोदय में चयनित छात्रा आरती व नव्या का स्कूल द्वारा ढ़ोल नगाड़ों व डीजे के साथ रोड शो निकाला गया। वहीं स्कूल में सम्मान भी आयोजित किया, जिसमें मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव, विशिष्ठ अतिथि सीईओ कर्मवीर राव, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एसएस यादव ने की। रोड-शो की शुरूआत स्कूल में विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्पित कर की गई। यह रोड-शो का गांव डेरोली अहीर, दुबलाना सहित अन्य गांवों में पहुंचने पर छात्राओं स्वागत किया। बता दें कि आरती के पिता सीआरपीएफ में कार्यरत रहकर देश सेवा कर रहे है। वहीं माता गृहणी है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि शिक्षा जगत में हमारी सफलता ही मील के पत्थर के रूप में विद्यार्थियों को नई-नई प्रेरणाएं देती है।

यदुवंशी का एमएससी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा एमएससी जूलॉजी के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के एमएससी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम में कॉलेज स्तर पर पूजा पुत्री सुरेश ने 9.69 एसजीपीए लेकर प्रथम, पूजा पुत्री दिनेश ने 9.54 एसजीपीए लेकर दूसरा, सोनम पुत्री सूबेसिंह ने 9.3 लेकर तीसरा, सुप्रिया पुत्री लालचंद ने 8.9 लेकर चौथा, चंचल शर्मा पुत्री संजय शर्मा ने 8.7 लेकर पांचवा व अंशुम पुत्री ओमप्रकाश ने

महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

8.6 एसजीपीए लेकर कॉलेज स्तर पर छठा स्थान हासिल किया।

इसके साथ ही यदुवंशी कॉलेज का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत और लग्न से इस परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त की है। यह सफलता उनके भविष्य के लिए एक मजबूत आधार बनेगी।

संस्था ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का मार्ग है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान उपस्थित रहे।

मॉडर्न स्कूल का एक विद्यार्थी जवाहर नवोदय के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास के छात्र युग पुत्र संजय सहरावत ने नवोदय विद्यालय में कक्षा छठी के दाखिले के लिए परीक्षा पास की। नवोदय विद्यालय करीरा में कक्षा छठी के दाखिले के लिए 18 जनवरी को परीक्षा आयोजित की गई थी।

यह परीक्षा जिला महेंद्रगढ़ के निजी व सरकारी स्कूल के अनेक विद्यार्थियों ने दी थी। इस परीक्षा का परिणाम 26 मार्च को घोषित किया गया। संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवा सिंह यादव, प्रबंधन

महेंद्रगढ़। छात्र युग को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

समिति के सदस्य नवीन कुमार, मनोज कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्र युग को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निदेशक राजकुमार यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय इनकी तैयारी करने वाले अध्यापकों को दिया। उन्होंने छात्र युग और उसके अभिभावकों को भी शुभकामना दी। राजकुमार यादव ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों को सभी प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।

गौरव यादव ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की परीक्षा उत्तीर्ण की:

मंडी अटेली। गणपति ग्रुप अटेली के संस्थापक एडवोकेट ललित यादव के बेटे गौरव यादव ने अपने प्रथम प्रयास में ही आल इंडिया बार एग्जामिनेशन का परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

सार्वजनिक सूचना

मै JC – 453685 Y सुरेंद्र सिंह पुत्र रतिराम वासी रामबास तहसील कनीना जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेर आर्मी रिकार्ड में नेरी पुत्री का नाम गलती से KHUSHBU दर्ज है जो कि गलत है उसका सही नाम KHUSBOO है जो कि सही है । नियमानुसार सही करें।

सार्वजनिक सूचना

मै सुधीर कुमार पुत्र रामजस वासी मैजा लूला–अहीर तहसील कोसली जिला रेवाडी बयान करता हूं कि मैनै अपनी पुत्री का नाम हीना से बदलकर कुमकुम रख लिया है। भविष्य में उसे कुमकुम के नाम से जाना जाए।

सार्वजनिक सूचना

मै राजपाल पुत्र श्योनारायण वासी बापडोली तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रविन्द्र व उसकी पत्नी पूजा मेरे कहने सुनने से बाहर है वही वे दोनो मेरे व मेरी पत्नी के साथ लडाई झगडा करते है। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कनीना। विकास कार्यों को लेकर विचार विमर्श करती चेयरपर्सन डा. रिंपी कुमारी।

कनीना में प्राथमिकता के आधार पर होंगे विकास कार्य

कनीना। नपा क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किए जाएंगे। मेंबरों के सहयोग से जटिलताओं को दूर कर नागरिकों की सुविधा के लिए कार्य किए जाएंगे। बता दें कि 25 मार्च को पंचकूला में शपथ लेने के बाद वीरवार को नपा की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने कार्यालय स्टाफ व पार्षदों से विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि जून जुलाई में होने वाली बरसात के जल भराव से बचने के लिए अभी से सीवरेज व नालों की सफाई कार्य कराया जाएगा। उनका प्रयास है कि बरसात का पानी कनीना में जमा न हो पाए। गंदे पानी से लबालब भरे जोहड़ों में पंपसेट के माध्यम से खाली करवाने का कार्य किया गया है। शहर की साफ सफाई सहित अन्य विकास कार्य समय पर पूरे करवाए जाएंगे।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में हुई भाषण स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में भाषण-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों की प्रस्तुति दी। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भविष्य में आगे बढ़ते रहने की शुभकामना दी।

प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं

महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जिससे विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव ने सभी प्रतिभागियों को शुभ आशीष देते हुए उनको जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।

कपूरी स्कूल को जिला स्तर पर मिला पुरस्कार

कनीना। राजकीय माध्यमिक विद्यालय कपूरी को मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे इस स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने खुशी जताई है। कनीना खंड के इस स्कूल को श्रेष्ठ स्थान मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी डा. विश्वेश्वर कौशिक ने शिक्षकों की पीठ थपथपाई है। इस मौके पर खंड संयोजक दिलबाग सिंह, सरपंच हिम्मत सिंह, स्कूल इंचार्ज शारदा देवी आदि मौजूद थे।

पहले दादा, उसके बाद पत्नी, अब संजय गोयल ने अटेली नपा के प्रधान के रूप में चार्ज संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली नगरपालिका के चेयरमैन के रूप में वीरवार को संजय गोयल ने कार्यभार संभाल लिया है। उनके साथ अटेली के कुल 12 पार्षदों में 10 नगर पार्षदों के अलावा अटेली शहर के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यभार के समय पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के पीए विकास यादव, पूर्व चेयरमैन सुगनचंद सैनी, राकेश अग्रवाल, रिटायर्ड गिरदावर वेदप्रकाश, जगदीश शर्मा व सुरेश शर्मा सहित विशेष रूप से मौजूद रहे। नपा सचिव अनिल कुमार ने चार्ज संभालने की प्रक्रिया को पूरी करवाया। चार्ज संभालने के बाद चेयरमैन संजय गोयल ने कहा चुनावों में

मंडी अटेली। नपा के चेयरमैन के रूप में चार्ज संभालने के पर गुलदस्ता देते हुए।

किए गए वादों को पूरा किया जाएगा। स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में अटेली शहर को सुंदर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उसे बड़ी खुशी है कि नपा के गठन के तुरंत बाद अटेली कस्बे की 96 एकड़ कालोनी अप्रूव्ड हुई है। इससे शहर का विकास तेजी से होगा, गंदे पानी की निकासी के नाले का निर्माण करवाया जाएगा। अटेली शहर के विकास करने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, सांसद धर्मबीर, मंत्री आरती सिंह राव व पूर्व विधायक सीताराम यादव समेत शहर की जनता से तालमेल कर अटेली का विकास किया जाएगा। इस मौके पर वार्ड एक से शर्मिला के प्रतिनिधि आनंद शर्मा, वार्ड तीन से प्रेमलता के प्रतिनिधि बिरेंद्र, वार्ड पांच से अनिल गुप्ता, वार्ड छह से मनीष वाल्मीकि, वार्ड सात से राकेश सैनी, वार्ड आठ से अंशुल गोयल, वार्ड नौ से मुकेश जांगिड़, वार्ड 10 अलका यादव के प्रतिनिधि महिपाल, वार्ड 11 से मनफूल वार्ड 12 से रामकिशन मौजूद रहे। बता दें कि अटेली नपा के दो मार्च को चुनाव हुए थे, जिसमें संजय गोयल को 2351 वोट तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भूपेश गुप्ता को 1895 वोट मिले थे।

निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आयोजित

महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक वीरवार को शाम चार बजे से लगाया जा रहा है।

यदुवंशी अस्पताल रेवाड़ी के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रतीक्ष यादव ने रोगियों की हृदय जांच की व उनके सहयोगी प्रवीण ने जांच से पहले रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी, वजन इत्यादि की जांच की। इसके पश्चात डॉ. सुप्रतिक्ष यादव ने 13 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।

लोकप्रिय शिक्षाविद, अनेक शिक्षण संस्थानों की संस्थापक,
जन उत्थान की अग्रदूत एवं साक्षात् देवी

श्रीमती पुष्पा देवी जी
(सहधर्मिणी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट)
की छठी पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन
आपकी कर्तव्यनिष्ठा सदैव हमारे लिए प्रेरणादायी बनी रहेगी।
सौजन्य से
- Maharana Pratap Engineering College, Dhanaunda
- Maharana Pratap Polytechnic, Dhanaunda
- Maharana Pratap College of Education, Dhanaunda
- Pitamah Umda Singh College of Education, Dhanaunda
- Brilliant Sr. Sec. School, Dhanaunda (Mahendragarh)

खबर संक्षेप

तीन दुकानों से नकदी व सामान ले उड़े चोर

नांगल चौधरी। शहर में अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व सामान को चुरा लिया। मूसनोता निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उसने नांगल चौधरी के देवनारायण चौक पर एक दुकान खोली हुई है। देर रात को करीब नौ बजे दुकान को सुरक्षित तरीके स बंद करके घर रवाना हुआ था, लेकिन रात को अज्ञात लोगों ताला तोड़कर कई पैकेट जर्दा के अलावा 100 से अधिक सिगरेट की डब्बी, दो गैस सिलेंडर भरे हुए, कई पैकेट बिस्कुट तथा लगभग आठ हजार रुपये नकद चुरा लिए। इसी रात को जैनपुर मोड़ पर भी एक खोखे को अपना निशाना बनाया। पीड़ित दुकानदारों की शिकायत मिलने पर पुलिस ने खोजबीन की कार्रवाई आरंभ कर दी है।

50 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

महेंद्रगढ़। जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने गांव बसई में जिला परिषद के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पार्षद पूनम बसई ने की। जिला प्रमुख ने बसई गांव में 50 लाख के विकास कार्यों का उद्घाटन किया है। जबकि वार्ड नंबर चार के विकास कार्यों के लिए गांवों के लिए एक करोड़ 48 लाख रुपये की राशि मंजूर की है। जिला प्रमुख ने ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुनते हुए उन्हें जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसी भी वर्ग के साथ किसी प्रकार को कोई भेदभाव नहीं होने दे रही है तथा भाजपा सब को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

जिला प्रधान बने गजेंद्र ठेकेदार

नारनौल। भवन निर्माण मजदूर संगठन एटक रजि. नंबर 1999 की मीटिंग पुरानी सराय में जीआईसीई के सामने स्थित कार्यालय में हुई, जिसमें पुरानी जिला कमेटी को रद्द करके वर्ष 2025–26 की नई जिला कमेटी का गठन हुआ। इस मौके पर सर्वसम्मति से गजेंद्र ठेकेदार को जिलाध्यक्ष चुना गया। गजेंद्र ठेकेदार ने शपथ ली कि पूरी ईमानदारी से मजदूरों के हितों की रक्षा में कार्य करते रहें। इस मौके मौजूद सदस्या ने गजेंद्र ठेकेदार को यह अधिकार भी दिया कि यदि कोई संगठन के नियमों के विरुद्ध आचरण करता है तो उसके खिलाफ भी वह कार्रवाई करें।

राजनीति : जब मंत्री थे तब नहीं उठाई आवाज, हम नप में प्रस्ताव करवाएंगे पारित

नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव ने खोला विधायक के खिलाफ मोर्चा, बोले, सिर्फ राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे मनोहरलाल खट्टर ने अंबाला व नारनौल के नसीबपुर में शहीदों की याद में आजादी का मेमोरियल बनाने की घोषणा की थी। नौ साल बीत जाने के बाद यह मुद्दा विधायक ओमप्रकाश यादव ने विधानसभा में उठाया। विधानसभा में विधायक ओमप्रकाश यादव व मंत्री राव नरबीर सिंह के बीच इस मुद्दे को लेकर बहस हुई। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो उसे राव नरबीर सिंह व इंद्रजीत सिंह के बीच चली आर रही राजनीति दूरियों से जोड़कर पेश कर दिया गया। इंद्रजीत सिंह गुट हैवी होता दिखा तो राव नरबीर सिंह के चाहने वाले सक्रिय हो गए। इसी बीच वीरवार शाम नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विधायक ओमप्रकाश यादव को राजनीति तौर पर घेरते हुए कहा कि साल 2019 में जब दूसरी बार विधायक ओमप्रकाश यादव चुने गए तो उन्हें राज्य मंत्री भी बनाया गया था। उनके पास सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग था, जिसके अंतर्गत यह शहीद स्मारक बनना था। वह लगभग चार साल से भी अधिक समय मंत्री के पद पर कायम रहे, परंतु इस कार्य को शुरू नहीं करवा सके। जबकि नसीबपुर पंचायत व शहीद स्मारक कमेटी द्वारा कई बार इसकी मांग उठाई गई थी। उप प्रधान ने बताया कि अब विधायक जब तीसरी बार चुने गए तो उन्हें विधानसभा सत्र में शहीद स्मारक बनाने की याद आई और उन्होंने संबंधित विभाग के मंत्री राव नरबीर सिंह से स्मारक बनाने की स्पीकर के माध्यम से मांग की। उन्होंने बताया कि शहीद किसी एक जाति विशेष के नहीं होते, अपितु 36 बिरादरी और पूरे देश के शहीद होते हैं। इन्हें क्षेत्रवाद व जातिवाद से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और ना ही इस पर राजनीति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खुद के पास विभाग रहते हुए पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक को काफी समय मिला था, तब वह इस कार्य को शुरू न करा सके, अब दूसरों के सर ठीकरा फोड़ कर अपने आका की नजर में झूठी वाहवाही बटोरना चाहते है। क्षेत्र की जनता इसे भली-भांति समझती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए हैं कि शहीद राव तुलाराम जी के नाम से भव्य शहीद स्मारक बनाया जाए। हम अपने स्तर पर नगर परिषद की हाउस मीटिंग में भी यह प्रस्ताव पास करवाएंगे।

विधायक दूसरे के सर पर फोड़ रहे ठीकर

उपप्रधान संजय बताया कि भारत की आजादी के पहले गदर, 1857 की लड़ाई में अमर शहीद राव तुलाराम जी के नेतृत्व में अंग्रेजों से नसीबपुर के मैदान में भीषण लड़ाई लड़ी गई थी, जिसमें पांच हजार से अधिक सेनानी शहीद हुए थे। उनकी याद में नारनौल के साथ लगते नसीबपुर में एक शहीद स्मारक बनाया गया था, जिस पर हर वर्ष 23 सितंबर व 16 नवंबर को 36 बिरादरी के लोग व नेता श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने शहीदों को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश यादव साल 2014 से लगातार तीसरी बार यहां से विधायक बनते आ रहे हैं। वर्ष 2016 में विधायक ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से नसीबपुर स्थित शहीद स्मारक को भव्य स्मारक बनाने की मांग की थी, जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर उसके लिए लगभग 35 करोड रुपये की ग्रांट मंजूर की थी। जिसमें भव्य म्यूजियम, शहीद हुए सभी सेनानियों के चित्र एवं पूर्ण विवरण का चित्रांकन, भव्य पार्क तथा काफी सुंदर स्मारक बनाया जाना था।

अनाज मंडी में सरसों की खरीद दूसरे दिन भी जारी रही

नारनौल मंडी में दूसरे दिन खरीदी 298 क्विंटल सरसों

पहले दिन जहां नारनौल मंडी में 92 क्विंटल सरसों खरीदी गई थी, दूसरे दिन 387 क्विंटल सरसों की आवक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल। धूप में सरसों को सूखाते किसान। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी में सरसों की खरीद दूसरे दिन भी जारी रही। आवक शुरू होने के पहले दिन जहां नारनौल मंडी में 92 क्विंटल सरसों खरीदी गई थी, वहीं दूसरे दिन 298 क्विंटल सरसों खरीदी गई। दूसरे दिन 387 क्विंटल सरसों की आवक हुई। बता दें कि नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप बनी नई अनाज मंडी में सरकारी की ओर से सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद जारी है। गत 15 मार्च की बजाए नारनौल मंडी में कल बुधवार को पहली बार सरसों आई थी और पहले दिन 10 किसान सरसों लेकर पहुंचे थे, वहीं दूसरे दिन 20 किसान पहुंचे। इस संदर्भ में हरियाणा स्टेट वेयर कारपोरेशन की मैनेजर रुबी हुड्डा ने बताया कि दोनों दिनों में से कुल 18 किसानों की सरसों खरीद की गई है। पहले दिन 92 क्विंटल तो आज दूसरे दिन 298 क्विंटल सरसों खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि किसान अब भी अधिक नमी वाली सरसों लेकर आज रहे हैं। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार केवल साफ–सुथरी एवं सूखी हुई सरसों की खरीद की जाएगी। इसलिए किसान मंडी आने से पहले इन बातों का ध्यान जरूर रखें।

अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद जारी

मंडी अटेली। अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद का कार्य तेजी पकड़ रही है। आवक के चौथे दिन मंडी में कुल 1504 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। जबकि 82 गेट पास कटे। खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण कर रहे हेफड़ प्रबंधक रोशनलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अनाज मंडी में केवल गुणवत्तापूर्ण सरसों की ही खरीद की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं, ताकि गुणवत्ता बनाए रखी जा सके। अभी तक मंडी में कुल 3675 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है। वहीं 192 गेट पास कट चुके हैं। खरीद अधिकारियों के अनुसार, सरसों की अच्छी पैदावार के कारण किसान मंडी में लगातार अपनी फसल लेकर पहुंच रहे हैं। मंडी प्रशासन ने किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। मंडी में तौल प्रणाली को सुचारु रखा गया है, ताकि किसानों को अपनी फसल के तौल और गुणवत्ता परीक्षण में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा, मंडी में किसानों के लिए पेयजल और विश्राम स्थल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। मंडी प्रबंधन के अनुसार, किसानों को अपनी सरसों मंडी में लाने से पहले विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सरसों को सुखाकर, साफ-सुथरी बोरियों में भरकर लाना चाहिए।

एसडीएम अनिल कुमार ने किया सतनाली अनाज मंडी का निरीक्षण, अनाज मंडी में शुरू हुई सरसों की आवक

सतनाली मंडी। सतनाली अनाज मंडी में वीरवार को सरसों की आवक शुरू हो गई। बता दें कि सरकार की ओर से 15 मार्च से सरसों की खरीद शुरू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन मंडी में सरसों नहीं आने के कारण खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई थी। वीरवार को मंडी में सरसों की आवक के साथ खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई। सरसों की खरीद व्यवस्था को लेकर एसडीएम अनिल कुमार यादव ने वीरवार को सतनाली अनाज मंडी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के बारे निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने किसानों से फसल सुखाकर मंडी में लाने की अपील की, ताकि खरीद एजेंसियों को कोई परेशानी न हो। मंडी में बिजली व पानी की व्यवस्थाओं के साथ साथ किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्था बेहतर हो। आढ़तियों को बारदाने को लेकर सम्बंधित समस्या का अधिकारी उचित प्रबंध करें। खरीद कार्य के साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से रहे, ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। कृषि विपणन बोर्ड की सेक्रेटरी नकुल ने बताया कि सरकार की ओर से सरसों का 5950 रुपये प्रति क्विंटल सरकारी रेट निर्धारित किया गया है। कोई भी किसान आकर अपनी फसल मंडी में टोकन कटवाकर बेच सकता है।

कनीना मंडी में 3409 क्विंटल सरसों की खरीद

कनीना। मंडी में सरसों की आवक जोर पकड़ने लगी है। वीरवार को तीसरे दिन मंडी में 49 किसानों की 999 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार ने बताया कि तीन दिन में 3409 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी, लेकिन उठान कार्य शुरू नहीं हो सका है। उठान कार्य समय पर न होने से मंडी में अव्यवस्था पनपने की संभावना बनती जा रही है। मंडी में पहुंचने वाले किसानों के मार्केट कमेटी की ओर से गेट पास जारी किए जा रहे हैं। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने किसानों से कहा कि मंडी में साफ सुथरी तथा सुखाकर सरसों लेकर आएं। सरसों साफ नहीं होने तथा आठ फीसदी से अधिक नमी होने की स्थिति में सरसों की खरीद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नकली व मिलावटी सरसों पाए जाने पर पुलिस केस दर्ज कराया जाएगा। फिलहाल सरसों की खरीद नैफेड के लिए एनसीसीएफएनैशनल को ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस की ओर से की जा रही है।

एसडीएम ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

सतनाली। सरसों की खरीद व्यवस्था को लेकर एसडीएम अनिल कुमार यादव ने वीरवार को अनाज मंडी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को समाधान के बारे निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने किसानों से फसल सुखाकर मंडी में लाने की अपील की, ताकि खरीद एजेंसियों को कोई परेशानी न हो। मंडी में बिजली और पानी की व्यवस्थाओं के साथ साथ किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। पानी और बिजली के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्था बेहतर हों। आढ़तियों को बारदाने को लेकर संबंधित समस्या का अधिकारी उचित प्रबंध करें। खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से रहे। ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे।

एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

नारनौल। एसडीएम मनोज कुमार ने नांगल चौधरी अनाज मंडी में सरसों खरीद के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। एसडीएम मनोज कुमार ने ट्रांसपोर्ट कांट्रेक्टर को निर्देश दिए कि सरसों की खरीद के लिए अपनी गाड़ियों में जीपीएस लगवाना सुनिश्चित करें तथा गाड़ियों की सूची कार्यालय में पहुंचना सुनिश्चित करें। डीएम हैफेड को निर्देश दिए कि सरसों की खरीद के लिए बारदाने की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए तथा बारदाने व गोदामों के बारे में समय.समय पर एसडीएम कार्यालय में सूचना दें। नांगल चौधरी एसएचओ को सरसों की खरीद के दौरान मंडी में पुलिस व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव, हैफेड डीएम, फूड एवं सप्लाई विभाग से निरीक्षक आदि मौजूद थे।

छात्रा जीविका ने ओलिंपियाड में पाए शत-प्रतिशत अंक

महेंद्रगढ़। बुंदेबाज नगर स्थित गुरुकुलम आरडी ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में सिल्वर जोन इंटरनेशनल ओलिंपियाड द्वारा घोषित अखिल भारतीय हिंदी ओलिंपियाड में गुरुकुलम स्कूल की कक्षा तीसरी की छात्रा जीविका पुत्री अजय ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। बेटी की इस उपलब्धि पर पूरे गुरुकुल स्कूल ने बहुत शुभकामना दी। चेयरमैन डॉ. देवेंद्र सिंह, एमडी ओपी यादव, सीईओ डॉ. हनुमान यादव, प्रिंसिपल भरत सिंह तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। चेयरमैन डॉ. देवेंद्र सिंह ने बच्चों को बधाई दी व बच्चों को बताया कि किस प्रकार हम अनुशासन में रहकर व कड़ी मेहनत करते हुए सफलता के मुकाम पर पहुंच सकते हैं।

शहरवासी परेशान, अब मोहल्ला चांदुवाड़ा में धंसा ट्रैक्टर टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल। मोहल्ला चांदुवाड़ा में धंसा ट्रैक्टर टैंकर। फोटो : हरिभूमि

शहर में चल रहे रोडों के निर्माण कार्य से लोग परेशान हैं। बुधवार रात को मोहल्ला चांदुवाड़ा के मुख्य मार्ग पर रोड के निर्माण कार्य व सीवर डालने के कारण एक ट्रैक्टर टैंकर धंस गया। जिसके कारण रात के समय शहर के कई मोहल्लों के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हुई।

इसका लोगों ने एक होकर रोष भी जताया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टैंकर को निकाला गया। बता दें कि शहर में चारों ओर रोडों का निर्माण कार्य एक साथ नगर परिषद ने शुरू करवा दिया। इसकी वजह से दिनभर लोग परेशान रहते हैं। शहर के कई बाजारों के लोग इसके विरोध में प्रदर्शन भी कर चुके हैं तथा डीसी से मिलकर भी समस्या के समाधान की बात कह चुके हैं। ग्रिवंस की बैठक में भी यह मुद्दा उठा था। जिसके बाद डीएमसी ने कहा था कि इनको सिलसिलेवार बनाया जाएगा, मगर अभी तक किसी भी रोड का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। हर जगह नगर परिषद की रोड निर्माण के लिए रास्तों को तोड़ दिया है।

रात को फंस गया टैंकर

रात को करीब साढ़े नौ बजे मोहल्ला चांदुवाड़ा के मुख्य मार्ग में रोड का निर्माण कार्य होने के कारण एक टैंकर वहां पर डाली जा रही सीवर व पेयजल लाइन के गड्ढों में धंस गया। इससे इस रोड से शहर के अनेक मोहल्लों में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई। शहर के व्यापारियों ने बताया कि मोहल्ला चांदुवाड़ा के दोनों ओर यानी मुख्य बाजार व नई मंडी रोड को काफी समय से तोड़ा हुआ है। इसके चलते लोग मोहल्ला चांदुवाड़ा वाले रोड का प्रयोग करके जाते थे, मगर अब यह भी खोद दिया गया है। वहीं रात को यहां टैंकर फंस गया। जिससे कई मोहल्लों के लोग परेशान हो गए।

नारनौल। छात्रा हिमांशी को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

छात्रा हिमांशी का नवोदय स्कूल में चयन

नारनौल। विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के छात्रा हिमांशी पुत्री संदीप निजामपुर ने नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित की है। विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने हिमांशी का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि विद्यालय के छात्रों का पूर्व में भी नवोदय, सैनिक स्कूल आदि चयन होता रहा है। विद्यालय की ओर से सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल व नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की अलग से निःशुल्क कक्षाएं लगाई जाती है। जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों का चयन होता है। विद्यालय के चेयरमैन राजकुमार यादव, वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव, निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव व प्राचार्य विनोद कुमार ने इस परिणाम के लिए छात्रों व अध्यापकों के कठिन परिश्रम की सराहना की। इस मौके पर संस्था की प्रबंधक डा. रविन्द्रा यादव, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी आदि मौजूद थे।

नारनौल। सीएल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीएल स्कूल में ओलंपियाड में जीते पदक

नारनौल। हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के बीस विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आईसीएसआई वाणिज्य ऑलम्पियाड 2024-25 में 14 ने स्वर्ण पदक व छह विद्यार्थियों ने रजत पदक प्राप्त कर जिलेभर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। प्रार्थना सभा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने बताया कि आज का युग वाणिज्य का युग है और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चे वाणिज्य संसार से परिचित होते हैं तथा भविष्य में उन्हें अपने करियर को चुनने में सहायता मिलती है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट, कम्पनी सचिव, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट व बैंकिंग क्षेत्र में अपार अवसर उपलब्ध हैं। अंत में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

डीसी ने ली अधिकारिता बोर्ड की मासिक बैठक, डिजिटाइजेशन पर सरकार का फोकस

कर्मचारियों को रहना होगा अलर्ट, सरकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण करेंगे एसडीएम

आठ से 23 तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज नारनौल

नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि नौ से पांच बजे तक कार्यालय में हाजिर रहे। हाजिरी रजिस्टर में अगर कोई भी कालम खाली मिलता है, तो संबंधित जिला अधिकारी जिम्मेदार होगा। संबंधित एसडीएम लगातार कार्यालय का औचक निरीक्षण करेंगे।

डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में जिला अधिकारिता बोर्ड की मासिक बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि सरकार के निर्देश अनुसार सभी अधिकारी अपने कार्यालय में स्वच्छता पर पूरा फोकस रखें। पुराना रिकॉर्ड तथा पुराने सामान को नियम अनुसार निपटाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस डिजिटल युग में कार्यालय में और अधिक पारदर्शिता तथा समयबद्धता के लिए जरूरी है कि सभी अधिकारी व कर्मचारी ई ऑफिस पोर्टल के माध्यम से कार्य करें। अगर किसी विभाग के कर्मचारी प्रशिक्षण लेना चाहें तो डीआईओ से संपर्क करें। डिजिटाइजेशन पर हरियाणा सरकार का विशेष फोकस है। इस अवसर पर सीएम विंडो, जन समाधान तथा सोशल मीडिया ट्रैकर पर आने वाली शिकायतों के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

लोगों को करें जागरूक

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले गर्मी के सीजन को देखते हुए बिजली पानी के निरंतर सप्लाई होनी चाहिए। विशेषकर स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्रों पर पेयजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इस अवसर पर डीसी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आठ से 23 अप्रैल तक मनाए जाने वाले पोषण पखवाड़ा के संबंध में निर्देश दिए कि पोषण पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक करें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा, नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, कनीना के एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, नारनौल के एसडीएम रमित यादव, नगराधीश मंजीत कुमार के अलावा अन्य अधिकारी की उपस्थित थे।

महेंद्रगढ़। छात्र हिमांशु को सम्मानित करते हुए।

हिमांशु का नवोदय विद्यालय में चयन

महेंद्रगढ़। बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के मेधावी छात्र हिमांशु पुत्र बिंदु ने अपनी मेहनत और लग्न से नवोदय विद्यालय की छठी कक्षा में चयनित होकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर छात्र को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्राचार्य रामबीर यादव ने हिमांशु को प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंटकर उसे शुभकामना दी। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि यह सफलता सिर्फ हिमांशु की ही नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की जीत है।